बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

दिनांक–.....2026 को सम्पन्नउच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

विशेष कार्य प्रमण्डल खगड़िया, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के अन्तर्गत **बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी–तिलस्थ रेलवे स्टेशन के बीच LC No.-61 SPL पर सड़क उपरि पुल (ROB) का निर्माण कार्य** के पुनः पुनर्निविदा की तकनीकी बीड जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति से अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :–

(i) प्रबंध निदेशक, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल खगड़िया, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–673 (अनु0) दिनांक–01.08.2026 के माध्यम से पुनः पुनर्निविदा के तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी (पृ0–196–200/प0) अनुशंसा के साथ अंचलीय कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित विवरणी निम्नवत् हैः–

2.1	कार्य का नाम	:– **बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी–तिलस्थ रेलवे स्टेशन के बीच LC No.-61 SPL पर सड़क उपरि पुल (ROB) का निर्माण कार्य।**
2.2	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:–वरीय परियोजना अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल खगड़िया
2.3	निविदा संख्या एवं तिथि	:–562 दिनांक–08.07.2026 (पृ0–195/प0)
2.4	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारणः	:–पुनः पुनर्निविदा है। (1) प्रथम बार एकल निविदा होने के कारण अंचलीय कार्यालय के पत्रांक–4849 (अनु0) दिनांक–03.12.2025 द्वारा पुनर्निविदा हेतु निदेश दिया गया। (2) द्वितीय बार संवेदक द्वारा LOA को अस्वीकार करने के कारण पुनः पुनर्निविदा किया गया।
2.5	निविदा के अनुमानित लागत	:–रू0 5717.24 लाख़ (पृ0–195/प0)
2.6	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:–रू0 6639.51 लाख मात्र (पथ निर्माण विभाग का पत्रांक –. 5290 (S) दिनांक–12.06.2025, (पृ0–85–87/प0)
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:–24 (चौबीस) माह (पृ0–195/प0)
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:– ई–टेंडरिंग (SBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	:– 29.07.2026 (पृ0–195/प0)
2.10	प्राप्त निविदाकारों की संख्या	:– 01 (एक) अदद यथाः– (1) Hari Construction & Associates Pvt. Ltd., Begusarai
2.11	तकनीकी बीड की जाँच	:–तकनीकी मूल्यांकन समिति स्तर से जाँच की गई तुलनात्मक विवरणी संलग्न (पृ0–202–203/प0)।
2.12	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय	:–विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में 01 (एक) निविदाकार Hari Construction & Associates Pvt. Ltd., Begusarai ने भाग लिया। जाँचोपरान्त निविदाकार Hari Construction & Associates Pvt. Ltd., Begusarai द्वारा निविदा के सभी अर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में Responsive घोषित। चुँकि यह पुनः पुनर्निविदा एकल निविदादाता होने के फलस्वरूप वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–7806 दिनांक–30.09.2016 द्वारा दिये गये निदेश के अनुपालन में यदि दोबारा निविदा आमंत्रण के बाद भी तकनीकी बोली के मूल्यांकन के

06/08/26

पश्चात वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु एक ही निविदा शेष हो तो उस विषय का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर उपर के प्राधिकार द्वारा किया जायेगा। तदालोक में विषयांकित पुनः पुनर्निविदा के एकल निविदाकार के अनुभव प्रमाण पत्र/अग्रधन की राशि का सत्यापित संलग्न है (पृ0–202–210/प0) के तकनीकी बीड पर अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की गई है।

उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय

विषयांकित कार्य हेतु कंडिका 2.10 में उल्लेखित निविदा में 01 (एक) निविदाकार ने भाग लिया। जाँचोपरान्त एकल निविदाकार Hari Construction & Associates Pvt. Ltd., Begusarai द्वारा निविदा के सभी अर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में Responsive घोषित। चुँकि यह पुनः पुनर्निविदा एकल निविदादाता होने के फलस्वरूप वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–7806 दिनांक–30.09.2016 द्वारा दिये गये निदेश के अनुपालन में यदि दोबारा निविदा आमंत्रण के बाद भी तकनीकी बोली के मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु एक ही निविदा शेष हो तो उस विषय का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर उपर के प्राधिकार द्वारा किया जायेगा। चुँकि निदेशक पर्षद की 248/15 दिनांक–06.07.2022 बैठक की कारवाई में दिये गये निदेश के अनुपालन में उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उपरोक्त कार्य के तकनीकी बीड की अनुशंसा किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम Website पर 3 (तीन) दिनों तक रखा जाय एवं यदि दिनांक 10.08.26 के अपराह्न 04:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षा हेतु बैठक आहूत की जाएगी। यदि निविदाकार के अनुभव प्रमाण पत्र/कागजात में विसंगति या गलत पाया जाता है, तो उनके निविदा को अमान्य करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधि सम्मत कारवाई की जायेगी।

विषयगत कार्य का पुनः पुनर्निविदा की अनुमानित लागत रू0–5717.24 लाख है, जो रू0–1500.00 लाख से अधिक है, इसलिए विषयांकित योजना का वित्तीय बीड का अनुमोदन निदेषक पर्षद के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित किया जायेगा।

06.08.2026
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल–2
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।
06/08/26

06/08/2026
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल–1
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।
06/08/26

6.8.26
प्रबंध निदेशक,
बि०रा०पु०नि०नि०लि०,
पटना।
06/08/26